**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम-मंगलवार के लिए निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-35 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 35-(क) क्या पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डल के अन्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशाक्तिकरण की कौन-2 सी योजनाएं वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रचलित है और उक्त योजनाओं से जनता को कितना लाभ प्राप्त हो रहा है ? | अन्य पिछड़े वर्ग के एवं दिव्यांगजनों हेतु संचालित योजनायें पूरे प्रदेश की जनता के लिए है, जिसमें प्रयागराज एवं झांसी मण्डल भी सम्मिलित है।<br><br>अन्य पिछड़े वर्ग के लिए पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, शादी अनुदान योजना एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना प्रचलित है।<br><br>दिव्यांगजन हेतु दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन), कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण, दिव्यांगजन से शादी करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण/दुकान संचालन तथा दिव्यांगता निवारण हेतु शल्य चिकित्सा अनुदान योजना मुख्य रूप से प्रचलित है।<br><br>उक्त योजनाओं के अपेक्षानुसार लाभ प्राप्त हो रहा है। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

(नरेन्द्र कश्यप)
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग।